गुरुवार 11.09.2025 समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज उत्तराखंड के आपदा प्रभावित इलाकों का सर्वेक्षण करेंगे; अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक भी प्रस्तावित।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश की विभिन्न विकास योजनाओं के लिए 100 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की।
- राज्य मंत्रिमंडल ने पशुपालन विभाग की कुक्कुट आहार सब्सिडी योजना को मंजूरी दी; प्रदेश के नौ पर्वतीय जिलों में होगी लागू।
- यमुनोत्री धाम के लिये 13 सितंबर से यात्रा फिर से शुरू होगी।

**प्रधानमंत्री उत्तराखंड दौरा/प्रस्तावित हवाई सर्वेक्षण**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज उत्तराखंड के आपदा प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण करेंगे। हवाई सर्वेक्षण के बाद प्रधानमंत्री, अधिकारियों के साथ उच्च–स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे। प्रधानमंत्री के दौरे से पहले कल मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जॉलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचकर तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री का उत्तराखंड से विशेष लगाव है और आपदा के इस कठिन समय में राज्य को, उनका सहयोग और मार्गदर्शन लगातार मिल रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे को देवभूमि के लिए हौसला बढ़ाने वाला बताया। उन्होंने भरोसा जताया कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में आपदाग्रस्त क्षेत्रों में परिस्थितियां सामान्य करने में सफलता मिलेगी।

**स्वीकृति**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न विकास योजनाओं के लिए 100 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। सहसपुर विधानसभा क्षेत्र में मिट्ठीबेरी–परवल मार्ग चौड़ीकरण के लिए 12 करोड़ और कैन्ट क्षेत्र में वसंत विहार सोसाइटी व अन्य आंतरिक मार्गों के सुधारीकरण के लिए साढ़े तीन करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है। जिला कारागार हरिद्वार में नई बैरक निर्माण के लिये चार करोड़ नब्बे लाख और महिला बैरक निर्माण के लिए 1 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। टिहरी जिले में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय मोल्यासेरा के लिए दो करोड़ नवासी लाख और चिकित्सालय बंगियाल के लिए ढाई करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। इसके साथ ही विश्व बैंक पोषित अर्द्धनगरीय क्षेत्रों के लिए उत्तराखण्ड पेयजल कार्यक्रम में 2025–26 के लिए राजस्व मद में 7 करोड़ और पूंजीगत मद में 67 करोड़ रुपये की राशि अवमुक्त की गई है।

**हरिद्वार बायपस स्वीकृति**

हरिद्वार बायपास परियोजना के लिए केंद्र सरकार ने 15 करोड़ 46 लाख रुपये स्वीकृत किए हैं। सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग–334 पर बड़े चौराहे को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए स्लिप रोड्स का निर्माण किया जाएगा। परियोजना से ट्रैफिक जाम कम होगा और गाड़ियों की आवाजाही सुगम व सुरक्षित बनेगी। इससे हरिद्वार और आसपास के क्षेत्रों की कनेक्टिविटी को भी बढ़ावा मिलेगा। योजना के तहत मजबूत दीवारें, सुरक्षा बैरियर, बरसाती पानी की निकासी और अन्य संरचनात्मक सुधार किए जाएंगे, जिससे सड़क टिकाऊ बनेगी और यात्रियों व स्थानीय नागरिकों को अधिक सुविधा मिलेगी।

**जीएसटी सुधार**

इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले से, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दीपावली तक अगली पीढ़ी के वस्तु और सेवा कर सुधारों की घोषणा की। तीन सितंबर को जीएसटी परिषद द्वारा नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए कई क्षेत्रों में कर दरों में कटौती के साथ उनका यह सपना साकार हुआ। आज हम देश में ड्रोन पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए किए गए सुधारों पर एक नज़र डालते हैं।

**संगोश्ठी**

आईआईटी रुड़की के जल एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग ने "बायोमास से हाइड्रोजन : प्रौद्योगिकी, तालमेल एवं प्रणाली एकीकरण" विषय पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। इस दौरानपैनल चर्चा में विशेषज्ञों ने तकनीकी तैयारी, नीतिगत ढाँचा और उद्योग की भूमिका पर विचार रखे। संगोष्ठी में देशभर से 75 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिनमें शोधकर्ता, उद्योग प्रतिनिधि और विद्यार्थी शामिल थे। विभिन्न संस्थानों के विशेषज्ञ वक्ताओं ने भी अपने विचार साझा किए। मानकीकरण और नीतिगत पहल पर विशेष सत्र आयोजित हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिया। समापन सत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुतकर्ताओं और विजेताओं को सम्मानित किया गया।

**मंजूरी / कैबिनेट**

राज्य मंत्रिमंडल ने पशुपालन विभाग की कुक्कुट आहार सब्सिडी योजना को मंजूरी दी है, जो राज्य के नौ पर्वतीय जिलों में लागू होगी। इसके लिये दो करोड़ 83 लाख रुपए की सब्सिडी आंवटित की गई है।

**ये योजना अल्मोड़ा, चमोली, उत्तरकाशी, पिथौरागढ़, चम्पावत, पौड़ी, बागेश्वर, टिहरी और रुद्रप्रयाग में लागू होगी। योजना के तहत वर्ष 2025–26 में 816 ब्रायलर फार्म और 781 कुक्कुट वैली लाभार्थियों को फायदा मिलेगा। कैबिनेट बैठक में न्याय विभाग के अंतर्गत उत्तराखंड उच्च न्यायालय अधिष्ठान कार्यालय में वरिष्ठ प्रमुख निजी सचिव और आशुलिपिक के पद सृजित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही देहरादून शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए देहरादून सिटी ट्रांसपोर्ट लिमिटेड नामक विशेष प्रयोजन वाहन–एस.पी.वी गठित करने को मंजूरी दी गई। यह स्मार्ट सिटी लिमिटेड की ओर से ई–बसों और नगर बस सेवा के संचालन का कार्य करेगा। बैठक में ऊधमसिंहनगर के फाजलपुर महरौला की करीब दस हेक्टेयर भूमि जिला विकास प्राधिकरण को आवंटित करने और उत्तराखंड सेवा का अधिकार का नवम वार्षिक प्रतिवेदन 2023–24 विधानसभा पटल पर रखने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गई।**

**यात्रा संचालन**

यमुनोत्री धाम की यात्रा तेरह सितंबर से एक बार फिर शुरू हो रही है। उत्तरकाशी के धराली में आई विनाशकारी आपदा और विभिन्न हिस्सों में अतिवृष्टि से हुई क्षति के बाद अब जिला प्रशासन यात्रा को सुरक्षित रूप से संचालित करने के लिये तैयार है। गंगोत्री धाम की यात्रा पहले ही शुरू की जा चुकी है। उत्तरकाशी के जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने बताया गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग के धरासू, नालूपानी, हेलगुगाड़ और डबरानी संवेदनशील स्थानों पर रुक–रुक कर भूस्खलन हो रहा है, जहां मशीनरी और टीमें तैनात हैं। यमुनोत्री मार्ग पर जंगलचट्टी, बनास और फूलचट्टी के पास सड़क क्षतिग्रस्त है। जंगलचट्टी में 150 मीटर और बनास में 40 मीटर सड़क ध्वस्त हुई है। राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग इसे 12 सितंबर तक दुरुस्त करने का प्रयास कर रहा है। जिलाधिकारी ने तीर्थयात्रियों से अपील की है कि गंगोत्री धाम यात्रा के लिए जिला प्रशासन की ओर से जारी मानक संचालन प्रक्रिया का पालन करें।

**प्रशिक्षण कार्यक्रम**

समग्र शिक्षा परियोजना के अंतर्गत ब्लॉक रिसोर्स पर्सन– बीआरपी और क्लस्टर रिसोर्स पर्सन–सीआरपी का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। देहरादून स्थित एससीईआरटी सभागार में कार्यक्रम का शुभारम्भ शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने किया। इस अवसर पर डॉक्टर रावत ने कहा कि बीआरपी और सीआरपी विद्यालय तथा विभाग के बीच सेतु का काम करेंगे और शिक्षा को रोचक बनाने में सहयोग देंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश में वर्षों से रिक्त चल रहे 955 पदों पर आउटसोर्स के माध्यम से मेरिट के आधार पर भर्ती की गई है। प्रशिक्षण के पहले दिन चयनित अभ्यर्थियों को उनकी जिम्मेदारियों और कार्यों की जानकारी दी गई। इस मौके पर शिक्षा मंत्री ने प्रदेशभर के सवा पांच लाख से अधिक छात्र–छात्राओं को गणवेश की धनराशि डीबीटी के माध्यम से उनके खातों में हस्तांतरित की। उन्होंने कहा कि यह कदम शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और अभिभावकों का आर्थिक बोझ कम करने में मदद करेगा।

**प्रशिक्षण कार्यक्रम**

रुद्रप्रयाग जिले में ग्रामोत्थान परियोजना और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित क्लस्टर लेवल फेडरेशनों में सुशासन और नेतृत्व क्षमता विकास पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। प्रशिक्षण का उद्देश्य फेडरेशन स्तर पर सुशासन की अवधारणा को मजबूत करना और निदेशक मंडल व स्वयं सहायता समूह के सदस्यों की भूमिका स्पष्ट करना है। पहले दिन सहकारिता के वैधानिक स्वरूप, निदेशक मंडल के कार्य, दस्तावेजीकरण, मूल्यांकन और अनुश्रवण पर जानकारी दी गई। सत्र में सीएलएफ स्तर पर स्टाफ और निदेशक मंडल के सदस्यों की क्षमता वृद्धि के लिए कार्यशाला भी आयोजित हुई।

**एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर––**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उत्तराखंड दौरे की खबर पर दैनिक जागरण लिखता है– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उत्तराखंड के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का करेंगे हवाई सर्वेक्षण। इसी समाचार पर हिन्दुस्तान की खबर है– प्रधानमंत्री आज करेंगे आपदा प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे। वही नवोदय टाइम्स ने लिखा है– पीएम नरेंन्द्र मोदी आज आएंगे उत्तराखंड।

पड़ोसी देश नेपाल में बने राजनीतिक हालातों वं प्रदर्शन पर राष्ढीय सहारा की खबर हैं– उत्तराखंड में नेपाल सीमा पर चौकसी बढाई। अमर उजाला लिखता है– उत्तराखंड से लगी नेपाल की सीमा पर आवाजाही पर लगाई रोक।

प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान की रोकथाम को प्रदेश में आपदा पूर्वानुमान तंत्र को और मजबूत किया जायेगा। इस पर हिन्दुस्तान लिखता है – आपदा पूर्वानुमान तंत्र प्रभावी बनाएंगे – धामी।